दिन– मंगलवार दिनांक– 26 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान दिवस पर नागरिकों से इसके आदर्शों को अपनाने और विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया।
02. देशभर में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। लोगों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।
03. राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा।
04. और, प्रदेश में पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव के तहत मतदान शांतिपूर्वक संपन्न।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भारतीय संविधान का उल्लेख एक जीवित और प्रगतिशील दस्तावेज के रूप में किया है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से देश ने सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के लक्ष्यों को हासिल किया है। राष्ट्रपति ने नागरिकों से संविधान के आदर्शों को अपनाने और विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया। संविधान दिवस के अवसर पर नई दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि सरकार ने समाज के सभी वर्गों विशेषकर कमजोर वर्गों के कल्याण के लिए हाल के वर्षों में कई उपाय किये हैं।

———बाईट———.

सरकार ने समाज के सभी वर्गों, विशेषकर कमजोर वर्गों के लोगों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। इस निर्णय से लोगों का जीवन बेहतर हुआ है तथा उन्हें प्रगति के नए अवसर मिल रहे हैं। गरीब लोगों का अपना पक्का घर, बिजली, पानी, सड़क की सुविधा, खाद्य सुरक्षा और चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं। इतने बड़े पैमाने पर विश्वस्तर का इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है।

---

राष्ट्रपति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से संबंधित नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किये जाने की सराहना की।

———बाईट———.

वीमैन डेव्लपमेंट की सोच को यर्थात रूप देना सामाजिक न्याय के संवैधानिक आदर्शों को प्राप्त करने के लिए अनिवार्य है। नारी शक्ति बंधन अधिनियम द्वारा हमारे लोकतंत्र में महिला शक्तिकरण के एक नए युग की शुरूआत की गई है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी नागरिकों से दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत बनाने के राष्ट्रीय लक्ष्य हासिल करने की दिशा में अपने बुनियादी कर्तव्यों और कार्यों को निभाने के लिए अपने आचरण में संवैधानिक आदर्शों को आत्मसात करने का आग्रह किया।

———बाईट———.

संविधान के प्रति युवाओं में उत्साह को देखकर हम सब देश के भविष्य के प्रति आश्वस्त हो सकते हैं। मैं सभी देशवासियों से अनुरोध करती हूं कि वे हमारे संवैधानिक आदर्शों को अपने आचरण में डाले, मूल कर्तव्यों का पालन करें तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के रास्ते और लक्ष्यों के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़े।

———————————————————————————

इस अवसर पर उप—राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि यह महत्वपूर्ण दिन देश के संविधान को अंगीकार करने के पचहत्तर वर्ष के ऐतिहासिक पड़ाव को चिन्हित करता है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय संविधान देश के लोगों की वर्षों की तपस्या, बलिदान, प्रतिभा और शक्ति का परिणाम है।

———बाईट———.

हमारा संविधान हमारे वर्षों के तप, त्याग, विद्धता, सामर्थ और क्षमता का परिणाम है। इसी केन्द्रीय कक्ष में लगभग तीन वर्षों के कठिन परिश्रम के बाद, उन्होंने देश की भौगोलिक और सामाजिक विविधताओं को एक सूत्र में बांधने वाला संविधान बनाया।

कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि संविधान दिवस के अवसर पर दोनों सदनों में दो दिन संविधान के विषय पर चर्चा होनी चाहिए।

———बाईट———.

हमने रिक्वेस्ट किया है कि दो दिन संविधान के ऊपर चर्चा के लिए दोनों सदन में एक टाइम देना चाहिए ताकि इस संविधान के अंदर जो अच्छी चीजें हैं, लोगों को बताने के लिए और उसके बारे में भी लोगों को समझा सकते हैं।

———————————————————————

इस कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अंगीकार की 75वीं वर्षगांठ को समर्पित एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट जारी किया। संस्कृत और मैथिली भाषाओं में संविधान जारी किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ कंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया को समर्पित एक पुस्तिका का भी अनावरण किया गया। मैथिली में संविधान की प्रति जारी करने पर केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने इसकी सराहना की।

———बाईट———.

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय संविधान की पचहत्तरवीं वर्षगांठ के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर कहा कि संविधान राष्ट्र का मार्गदर्शक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय संविधान देश की हजारों वर्षों की परंपरा की आधुनिक अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सभी देशवासियों को संविधान दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं दी है। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण से जुड़े महान स्वतंत्रता सेनानियों और विद्वानों को भी सादर नमन किया। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संविधान दिवस की बधाई दी।

———————————————————————

इधर, प्रदेश में भी संविधान दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। लोगों ने संविधान दिवस की प्रस्तावना का पाठ कर शपथ लिया। भाजपा की ओर से मुख्य समारोह पार्टी मुख्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने की। इससे पहले पार्टी नेताओं ने पटना हाईकोर्ट के पास स्थित बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्यालय हाजीपुर में भी इस अवसर पर संविधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सभी कर्मियों और पदाधिकारियों को संविधान की शपथ दिलाई।

———————————————————————

आकाशवाणी पटना में समाचार अनुभाग में समाचार प्रमुख अजय कुमार ने कर्मियों और पदाधिकारियों को संविधान की प्रस्तावना पर शपथ दिलाई।

————————————————————————

इधर, केंद्र सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह छब्बीस नवम्बर, दो हजार पच्चीस तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे।

————————————————————————

बिहार विधानसभा में आरक्षण के मुद्दे को लेकर आज जमकर हंगामा हुआ। इस दौरान सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोक–झोंक भी हुई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सदन में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़े वर्ग को दिये गये आरक्षण को लेकर सरकार से सवाल पूछे। उनका कहना था कि जातीय आधारित सर्वे के आधार पर पैंसठ प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया था। लेकिन पटना उच्च न्यायालय ने इसे रद्द कर दिया है। श्री यादव ने विधानसभा अध्यक्ष से इस मुद्दे पर सदन की समिति बनाने का अनुरोध किया।

———बाईट———.

————————————————————————

हालांकि संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि जैसे ही उच्चतम न्यायालय से मामला निष्पादित होगा, सरकार इस पर कदम उठायेगी।

———बाईट———.

इस मुद्दे को लेकर नेता प्रतिपक्ष और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बीच तीखी नोक–झोंक हुयी। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने नेता प्रतिपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें संविधान पर भरोसा नहीं है।

———बाईट———.

इसके बाद आरक्षण के मुद्दे को लेकर विपक्ष के सदस्यों ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया और शून्य काल के दौरान बाहर निकल गए। इससे पहले विपक्ष के सदस्यों ने कार्यवाही शुरू होने से पूर्व इस मुद्दे को लेकर विरोध–प्रदर्शन किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज नशामुक्ति दिवस के अवसर पर लोगों से हर प्रकार के नशे से मुक्ति का प्रण लेने की अपील की है। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में लोगों से संकल्प लेने और बिहार को स्वस्थ, समृद्ध और खुशहाल बनाने का आग्रह किया। इस अवसर पर राज्यभर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य समारोह पटना में आयोजित किया गया। जहां मद्यनिषेध मंत्री रत्नेश सादा ने बेहतर काम करने वाले जिलाधिकारियों, सरकारी कर्मियों और मद्य निषेध विभाग के कर्मचारियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर राज्य के मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा ने कहा कि शराबबंदी लागू करने को लेकर कठोर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि तत्परता से किये गये प्रयासों से पिछले आठ सालों में प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा आठ लाख से अधिक मामले दर्ज किये गये हैं।

———बाईट———.

———————————————————————

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने राज्य में शराबबंदी की सफलता पर सवाल उठाया है।

———बाईट———.

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के ताजपुर निवासी 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी को इंडियन प्रीमियर लीग में चुने जाने पर प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की है। और इसे पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय बताया है। वैभव के पैतृक घर ताजपुर में जश्न का माहौल है। क्रिकेटर के पिता संजीव सूर्यवंशी ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि वैभव बेहरीन प्रदर्शन करेगा।

———बाईट———.

समस्तीपुर जिला क्रिकेट एकेडमी के संस्थापक सह कोच ब्रजेश कुमार झा ने आईपीएल में वैभव के चुने जाने पर खुशी का इजहार किया। इसी अकादमी से वैभव ने प्रशिक्षण की शुरूआत की थी।

———बाईट———.

पटना के राहुल छाबड़ा ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा कि वैभव काफी प्रतिभावान खिलाड़ी है।

———बाईट———.

———————————————————————

प्रदेश में पैक्स चुनाव के पहले चरण के तहत डेढ हजार से अधिक प्राथमिक कृषि साख समितियों में अध्यक्ष सहित बारह विभिन्न पदों के लिए आज शांतिपूर्वक मतदान संपन्न हो गया। राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से उन्नीस हजार आठ पच्चीस मतदान केंद्रों पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे।

———————————————————————

श्वेत क्रांति के जनक डॉ. वर्गीज कुरियन की जयंती के अवसर पर आज राष्ट्रीय दुग्ध दिवस मनाया जा रहा है। पटना में कॉम्फेड की ओर से इस अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन कर डॉ. कुरियन को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान दिवस पर नागरिकों से इसके आदर्शों को अपनाने और विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में कार्य करने का आग्रह किया।
02. देशभर में संविधान दिवस पर कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। लोगों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।
03. राज्य में अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर विधानसभा में विपक्ष का हंगामा।
04. और, प्रदेश में पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव के तहत मतदान शांतिपूर्वक संपन्न।

———————————————————————